म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्र0 / भा0भु0यो0 / 2018–19 / रबी–14 / 3669 भोपाल, दिनांक 20 मार्च, 2019

प्रति

संयुक्त / उप संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय –................ (समस्त)

विषय :– रबी वर्ष की 2019 जय किसान समृद्धि योजना अंतर्गत मंडियों में आवश्यक व्यवस्था कराने बाबत्।

संदर्भ :– प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग का ज्ञाप कमांक / बी–16–3 / 2019 / 14–2 दिनांक 07 मार्च, 2019

संदर्भित पत्र द्वारा प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग का ज्ञाप कमांक / बी–16–3 / 2019 / 14–2 दिनांक 07 मार्च, 2019 द्वारा रबी वर्ष की 2019 जय किसान समृद्धि योजना अंतर्गत पंजीकृत कृषकों द्वारा गेहूं के विकय करने हेतु विकय अवधि दिनांक 25 मार्च से 23 मई 2019 नियत की गई है। गेहूं की उपार्जन अवधि बढोत्तरी की दशा में मंडी में उपरोक्तानुसार विकय अवधि स्वयंमेव मान्य होगी।

प्रदेश में रबी 2018–19 (रबी मार्केटिंग सीजन 2019–20) में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने वाली प्राथमिक सहकारी समितियों तथा मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे अथवा न्यूनतम समर्थन मूल्य से ऊपर बेचे गये हो, दोनों स्थितियों में गेहूं की प्रोत्साहन राशि पंजीकृत किसानों को देय होगी। उक्त के अतिरिक्त मंडी बोर्ड द्वारा मेसर्स आईटीसी लिमिटेड–(एबीडी) को एकल लायसेंस प्रदान किये गये है, जिन पर विकय करने वाले पंजीकृत किसानों को पात्रतानुसार योजना का लाभ दिया जावेगा।

रबी विपणन वर्ष 2019 में गेहूं के अलावा अन्य कृषि उपजों की आवक मंडियों में होने लगी है। अतः आप मंडियों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं करावें। इनमें मुख्य रूप से शुद्ध पेयजल, इलेक्ट्रॉनिक तौलकांटों की स्टेम्पिंग, विद्युत व्यवस्था, कृषक भोजनालय, शौचालय की साफ–सफाई, फ्लैक्स बैनर, लगे होने संबंधी समस्त कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

(फैज अहमद किदवई)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

Scanned by CamScanner

क्र0 / भा0भु0यो0 / 2018–19 / रबी–14 / 3670 भोपाल, दिनांक 20 मार्च, 2019

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. अपर संचालक (समस्त), म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
2. कार्यपालन यंत्री, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड तकनीकी संभाग –.......... (समस्त)।
3. नोडल अधिकारी / मंडी सचिव, कृषि उपज मंडी समिति – .......... जिला – ..... (समस्त)।
4. उपयंत्री, कृषि उपज मंडी समिति – ......... जिला – .......... (समस्त)।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

Scanned by CamScanner